दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...






● नई दिल्ली। मंगलवार 12 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 233 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 'वोट चोरी' मुद्दे पर विपक्ष का मार्च अखिलेश यादव को हिरासत में लिया





**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बिहार में चुनाव को लेकर विशेष समरी रिवीजन और 2024 लोकसभा चुनाव में ₹वोटर धोखाधड़ी₹ के आरोपों के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग तक इंडिया ब्लॉक नेताओं के मार्च को रोक दिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस बैरिकेड पार कर आगे बढ़ गए।

**अखिलेश यादव ने पुलिस की कार्रवाई की आलोचना की :** पुलिस ने विपक्षी सांसदों को रोक दिया है, जिसके बाद वे वहीं बैठकर धरना दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव भी बैरिकेड पार कर दूसरी ओर धरने में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का इस्तेमाल हमें रोकने के लिए किया जा रहा है। यह टिप्पणी उन्होंने तब की जब पुलिस विपक्षी सांसदों को चुनाव आयोग तक मार्च करने से रोक रही थी और वे विरोध करने के लिए धरने पर बैठ गए थे।

**विरोध प्रदर्शन में 300 सांसद शामिल, विपक्ष ने जताई चिंता :** अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि सरकार हमें रोकने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। इस मार्च में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, डीएमके सहित कई दलों के सांसद भाग ले रहे हैं। दोनों सदनों के सांसदों ने तख्तियां उठाई हैं, जिन पर 'रक्फ़लोकतंत्र पर हमला है' और 'वोट चोरी' के नारे लिखे हैं। राहुल गांधी सबसे आगे चल रहे हैं और विपक्ष के सभी बड़े नेता उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं।

**दिल्ली पुलिस ने कहा विरोध प्रदर्शन बिना अनुमति हुआ :** दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि इस विरोध प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। विपक्ष ने मतदाता सूचियों में फर्जी फॉर्म और विसंगतियों को लेकर चिंता जताई है और सत्यापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक डेटा की मांग कर रहा है।

# जिला जज आशीष गर्ग की हार्ट अटैक से मौत, न्यायिक क्षेत्र में आई शोक की लहर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिला जज गाजियाबाद आशीष गर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। एक वरिष्ठ वकील ने बताया कि काफी दिन से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। 10 अगस्त को हर्निया के ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल में भर्ती हुए थे। तभी अचानक से उनकी हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन, बच नहीं सके। 30 अप्रैल 2025 को वह गाजियाबाद के जिला जज नियुक्त किए गए थे। मूलरूप से मुजफ्फरनगर के रहने वाले थे। आशीष गर्ग गाजियाबाद से पहले मथुरा के जिला जज रहे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर 30 अप्रैल को 40 जनपदों में बड़े पैमाने पर तबादले का आदेश जारी किया। इस सूची में गाजियाबाद का भी नाम शामिल रहा तभी उनका तबादला हुआ था।

## अधिवक्ताओं ने जताया दुख

करंट क्राइम : वकीलों ने बताया है कि जिला जज बहुत ही मिलनसार व सौम्य व्यवहार के थे। जिला जज आशीष आशीष गर्ग जहां भी तैनात रहे। वह बहुत ही मिलनसार और सौम्य व्यवहार के लिए जाने ताते रहे हैं। अधिवक्ता रोहित शर्मा और शबनम खान ने कहा है कि जो उनसे एक या दो बार जो भी वकील उनसे मिल लेता था, फिर उनको जानते और पहचानते थे। वो हंस मुख, मिलनसार, व्यावहारिक और एक अच्छे इंसान थे।

## सोमवार होनी थी अस्पताल से छुट्टी

करंट क्राइम : जिला जज गाजियाबाद आशीष गर्ग को 10 अगस्त को हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद उनकी हालत काफी अच्छी थी। सोमवार सुबह तक उनको यह उम्मीद थी कि शाम को छुट्टी मिल जाएगी। वह पूरी तरह स्वस्थ दिख रहे थे। लेकिन, बाथरूम जाने के दौरान उनको हार्ट अटैक आया। जिस कारणवश उनका आज दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया है। बार ओर न्यायिक विभाग के लिए ये बहुत ही बड़ी हानि है।

## जिला जज के शोक में आज गाजियाबाद न्यायालय में रहेगा अवकाश

करंट क्राइम : सोमवार को जिला जज आशीष गर्ग के आकस्मिक निधन के चलते 12 अगस्त को गाजियाबाद न्यायालय में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि 12 अगस्त को अवकाश रहेगा जबकि 30 सितंबर को गाजियाबाद न्यायालय खुला रहेगा, उस दिन अवकाश था, जिन पत्रावलियों में सुनवाई 12 अगस्त तिथि नियत थी। उन वादों की सुनवाई अब 13 अगस्त को की जाएगी। इस संबंध में आदेश की प्रति उच्च न्यायालय इलाहाबाद ,बार एसोसिएशन गाजियाबाद, मीडिया और सभी न्यायालयों को भेज दी की गई है।



# नगर निगम ने 78 फीट फ्लैग के साथ निकाली तिरंगा यात्रा



## अधिकारियों सहित पार्षदों ने उत्साहपूर्वक लगाए देशभक्ति के नारे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूर्ण होने पर निगम ने 78 फीट तिरंगे के साथ निकली भव्य यात्रा, हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का नगर आयुक्त ने शहर को दिया संदेश। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय से शहीद पथ नवयुग मार्केट तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। निगम अधिकारियों, पार्षदों सहित एम बी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने भी देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाया, सभी उपस्थित जनों ने हाथ में तिरंगा लहराते हुए यात्रा प्रारंभ की, देशभक्ति के गीत तिरंगा यात्रा में सुनाए गए, शहीद पथ पर पहुंचकर यात्रा को संपूर्ण करते हुए शहीदों को नमन किया गया तथा नगर आयुक्त व समस्त उपस्थित पार्षदों द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित किए गए।

अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव द्वारा बताया गया कि अमृत महोत्सव के क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा की तैयारी जोरों से चल रही है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें स्कूल की छात्राओं द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया, सभी ने उत्साह पूर्वक शहीदों को याद करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में चार लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जाएंगे साथ ही 15 अगस्त के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतार कर रखने की अपील भी की जा रही है, स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूर्ण होने पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 78 फीट तिरंगे के साथ यात्रा निकाली जो की सभी के लिए आकर्षण का केंद्र भी रही, हर घर तिरंगे की कार्यवाही को रफ्तार दी जा रही है जिसके क्रम में जोनवार पार्षदों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए हैं।

नगर आयुक्त द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ कराई गई तथा हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ की ओर बढ़े, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभियान के रूप में टीम कार्य कर रही है क्षेत्रीय पार्षदों का विशेष सहयोग मिल रहा है दो दिन के भीतर 4 लाख तिरंगा झंडा हर घर पहुंचने का कार्य निगम द्वारा किया जाएगा जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं भी निगम का सहयोग कर रही हैं नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा शहर को हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा का संदेश दिया गया।

# साहिबाबाद मंडी में दिनदहाड़े फायरिंग

## व्यापारियों की मीटिंग के दौरान हमलावरों ने बरसाईं गोलियां



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले की साहिबाबाद मंडी में अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी. जिससे एक व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग से व्यापारी दहशत में आ गए. फायरिंग का वीडियो भी सामने आया है. जिसमें बदमाशों को गोलियां चलाते और कुर्सियां फेंकते हुए देखा जा सकता है.

बताया जाता है कि व्यापारियों की मीटिंग के दौरान अज्ञात हमलावरों द्वारा गोलियां बरसाईं गईं. वारदात सोमवार सुबह करीब 11:45 बजे मंडी परिसर में हुई. इस दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल भी हो गया.

**बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावरों ने पहले कुर्सियां तोड़ीं, फिर गोलियां चलानी शुरू कर दी. फायरिंग के बीच मंडी में भगदड़ गई और लोग इधर-उधर भागने लगे. बताया जाता है कि तीन शेड प्लेटफॉर्मों के आवंटन की वजह से विवाद हुआ था. जिसको लेकर ये फायरिंग हुई है.

फिलहाल सूचना पर पहुंची साहिबाबाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही फायरिंग करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इधर वारदात के बाद मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

## सब्जी मंडी फायरिंग मामले में आठ गिरफ्तार

करंट क्राइम : साहिबाबाद सब्जी मंडी में खुलेआम फायरिंग करने और माहौल खराब करने के मामले में ट्रांस हिंडन जोन व लिंक रोड पुलिस ने अभी तक कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पुलिस ने हवाई फायरिंग करने, माहौल बिगाड़ने और मारपीट के मामले में हरीश चौधरी, अर्जुन चौधरी, करण चौधरी, राज चौधरी, अर्जुन बैंसला, अनुराग चौधरी, प्रशांत नागर और प्रिंस को गिरफ्तार किया है। इनके कुछ साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश डाल रही है। पुलिस ने इन सभी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी व्यक्ति को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाएगा।

# ट्रक ने मारी पीआरवी को टक्कर, एक कांस्टेबल की मौत और एक सिपाही गंभीर रूप से घायल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक भीषण दुर्घटना में ट्रक की टक्कर से कांस्टेबल की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य सिपाही की हालत गंभीर है। सिपाही का पैर कटकर अलग हो गया, अधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई है। यह घटना दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर रविवार देर रात हुई है। जानकारी के अनुसार, ट्रक ने डायल 112 की गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही अनुज कुमार का एक पैर कट गया, जबकि दूसरा पैर बुरी तरह से कुचल गया। कटा हुआ पैर रात में सड़क पर पड़ा रहा। इसके बाद भोजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और कांस्टेबल व अन्य पुलिस कर्मियों को घायल हालत में मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान कांस्टेबल अनुज की अधिक ब्लीडिंग के चलते मौत हो गई। अनुज मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले थे। गाजियाबाद पुलिस की डायल 112 की गाडी रात में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर भोजपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी तेज रफ्तार राजस्थान नंबर नंबर के ट्रक ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में डायल 112 के चालक अनुज कुमार का पैर कट गया। बाद में उनकी मौत हो गई।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने की जनसुनवाई





## शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर स्वतंत्र व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराया जाएं: डीएम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। इस दौरान एक दिव्यांग द्वारा बिजली बिल अधिक होने के कारण जिलाधिकारी से प्रार्थना की गयी कि उसके घर में कोई कमाने वाला नहीं है और वह इतना बिल का भुगतान नहीं कर सकता। जिलाधिकारी द्वारा चीफ इन्जीनियर विद्युत से इस सम्बंध में वार्ता की गयी, साथ ही प्रार्थी से अन्य कोई और कार्य से पूछा गया, जिस पर प्रार्थी द्वारा सिर्फ बिल के भुगतान के सम्बंध में ही कहा गया। किसानों द्वारा चीनी मिल से दीपावली से पूर्व शेष गन्ना भुगतान करवाने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र भुगतान कराने हेतु आवश्वस्त किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित अन्य द्वारा नवनियुक्त जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह सहित अन्य के माध्यम से स्वागत किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में निवासरत सभी पूर्व सैनिकों का विस्तृत विवरण तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई पूर्व सैनिक कार्य करने का इच्छुक हो, तो उसकी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार नियोजन की व्यवस्था की जा सके। इस दौरान एक वृद्ध दम्पत्ति द्वारा अपने पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी कि उसने बेईमानी से पूरी जमीन अपने नाम करवा दी है और उन्हें रहने–खाने को भी नहीं दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को इस सम्बंध में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि हर शिकायत का प्राथमिकता के साथ स्वतंत्र व पारदर्शिता के साथ निस्तारण करायेंगे। इस सम्बंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत या प्रार्थना पत्र के निस्तारण में हिला–हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट व जिलासूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



दैनिक
# करंट क्राइम
नई दिल्ली, मंगलवार, 12 अगस्त -2025
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...










# समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दैनिक करंट क्राइम के मुख्य सरंक्षक सुभाष गुप्ता और संपादक मनोज गुप्ता ने सर्वप्रथम दीपक भाटी को उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद और शुभकामनांए दीं। राजनीति, समाजसेवा से लेकर व्यापार जगत के गणमान्य लोग दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे और समाचार संपादक दीपक भाटी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनांए दीं। समाचार संपादक दीपक भाटी ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने और दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर आये सभी लोगों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। जन्मदिन के अवसर पर दैनिक करंट क्राइम की टीम ने भी समाचार संपादक दीपक भाटी को उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन की धूम पूरे दिन रही और बधाई देने वालों का सिलसिल पूरे दिन चलता रहा। संपादक मनोज गुप्ता ने करंट क्राइम मुख्यालय आने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।
























## संपादकीय

# सबसे तेज इकॉनमी

भारत ने ट्रंप के आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि वह अपने हितों से समझौता नहीं करेगा और बराबरी के स्तर पर ही बातचीत करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ 'बॉस' भारत की तरक्की से जलते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है, जबकि अमेरिका की अर्थव्यवस्था संकट में है।

सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। भारत की तेज रफ्तार दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की GDP ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5% पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3% है। IMF के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल GDP ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20% तक पहुंच सकता है।

मुश्किल में अमेरिका । महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। बातचीत से समझौता । ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

# भारतीय शेयर बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा सेंसेक्स 746 अंक चढ़ा, निफ्टी 24500 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 746.29 अंक उछलकर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 221.75 अंक की बढ़त के साथ 24,585.05 पर बंद हुआ।



ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच तेल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों की भारी खरीदारी से सोमवार को बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 87.66 (अस्थायी) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.29 अंक या 0.93 प्रतिशत उछलकर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। इसके 26 शेयरों में तेजी रही। कारोबार के दौरान यह 778.26 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,636.05 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 221.75 अंक या 0.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,585.05 पर आ गया। उन्होंने कहा कि हालांकि निकट भविष्य में सतर्कता अभी भी बनी रह सकती है, लेकिन अमेरिकी व्यापार और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का अधिक निश्चित आकलन अभी पूरी तरह से नहीं किया गया है।

### तीन महीने के निचले स्तर के बाद बाजार में आई तेजी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में तीन महीने के निचले स्तर के बाद राहत भरी तेजी देखी गई। सकारात्मक वैश्विक संकेत और एफआईआई की वापसी ने धारणा को बल दिया। निवेशक इस सप्ताह होने वाले अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन का सकारात्मक आकलन कर रहे हैं। इससे संभावना है कि भू-राजनीतिक तनाव में कमी आ सकती है।

## जून में निफ्टी-50 की 40 कंपनियों में एफआईआई हिस्सेदारी घटी, 44 में डीआईआई ने बढ़ाया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने प्रमुख भारतीय कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाई है। वहीं घरेलू निवेशक लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्या कहते हैं आंकड़े रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी 50 इंडेक्स की 50 कंपनियों में से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जून में लगभग 40 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 44 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तिमाही-दर-तिमाही आधार पर देखें तो डीआईआई ने निफ्टी-50 की 34 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई।

कुल मिलाकर डीआईआई स्वामित्व जून 2025 में 19.4 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह 170 आधार अंकों की वार्षिक वृद्धि को दशार्ता है। वहीं एफआईआई स्वामित्व घटकर 18.8 प्रतिशत रह गया, यह 20 आधार अंकों की कमी को दशार्ता है।


### संबंध विच्छेद

हमने अपने पुत्र पीयूष तोमर व उसकी पत्नी मानसी से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे व उनके परिवार से हमारा व हमारे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वे स्वम जिम्मेदार होंगे हमारा व हमारे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

प्रार्थीगण महिपाल सिंह पुत्र जय सिंह व विनेश पत्नी महिपाल सिंह निवासीगण 1404, मीठा कुआं, अर्थला, थाना साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद।


# बृज विहार मंडल की महिला मोर्चा ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** बृज विहार मंडल की महिला मोर्चा द्वारा अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मोर्चे की बहनों ने हिस्सा लिया। मदर डेरी बृजबिहार से यात्रा प्रारंभ हो देवी मंदिर पुलिया पर यात्रा का समापन हुआ। सूमा सिंह, रीता सिंह, पूनम त्यागी, महानगर अभियान संयोजिका प्रियंका पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीएसई ने एसएमई को मुख्य बोर्ड में स्थानांतरित करने के लिए ढांचे को किया मजबूत

**नई दिल्ली।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने सोमवार को मुख्य बाजार में आने की इच्छुक लघु व मध्यम उद्यम (एसएमई) कंपनियों व अन्य एक्सचेंजों में सूचीबद्ध कंपनियों जो प्रत्यक्ष रूप से सूचीबद्ध होने की इच्छुक हैं, के लिए पात्रता मानदंडों को कड़ा कर दिया है। बीएसई ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य पारदर्शिता, प्रकटीकरण को बढ़ावा देना और इस तरह लिस्टिंग की गुणवत्ता में सुधार करना है। परिवर्तन के एक भाग के रूप में, एसएमई के स्थानांतरण या मेनबोर्ड पर प्रत्यक्ष लिस्टिंग के लिए, एक्सचेंज ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों में परिचालन लाभप्रदता की आवश्यकता को बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया है। नए निर्देशों के अनुसार हर वित्तीय वर्ष में न्यूनतम परिचालन लाभ 10 करोड़ रुपये होना चाहिए। वहीं पहले 3 में से कम से कम 2 वित्तीय वर्षों में सकारात्मक परिचालन लाभ की आवश्यकता थी।




इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक शेयरधारकों की न्यूनतम संख्या 250 से बढ़ाकर 1,000 कर दी गई है। इसके अलावा, माइग्रेशन या प्रत्यक्ष लिस्टिंग के माध्यम से मुख्य बोर्ड पर आने की इच्छुक कंपनियों में पिछले छह महीनों के दौरान सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के कम से कम 5 प्रतिशत का कारोबार जरूरी कर दिया गया है। यह कारोबार छह महीने की अवधि के दौरान कम से कम 80 प्रतिशत दिनों में होना चाहिए। इसके अलावा, कंपनियों के पास पिछले तीन वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम 3 करोड़ रुपये की शुद्ध मूर्त संपत्ति होनी चाहिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।

## राशिफल

**मेष:** व्यवसायी कुछ योजनाएँ बना सकते हैं। आप में से कुछ लोगों को साझेदारी से बड़ा लाभ मिल सकता है। आप अपने संपर्कों में वृद्धि करेंगे।

**वृष:** अचानक धन लाभ हो रहा है। व्यापार में आय के नए स्रोत भी मिल सकते हैं। पार्ट टाइम जॉब शुरू करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**मिथुन:** आज आपका उत्साह भी चरम पर हो सकता है. नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। रिश्तों से जुड़े कई पहलू आपके लिए खास हो सकते हैं।

**कर्क:** आज आपके सहकर्मी समूह के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू होंगी और आप अच्छी प्रगति करेंगे।

**सिंह:** दिन धन लाभ लेकर आया है. किसी को दिया गया पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार में नए सौदे होंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके जीवनसाथी को प्रमोशन मिलेगा।

**कन्या:** आपका रवैया काफी सहानुभूतिपूर्ण और लचीला हो सकता है। अधिकांश मामलों को आप पूरी गहराई में जाकर ही समझ पाएंगे।

**तुला:** यह समय अनुकूल नहीं है, स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ पुराने रोगों से प्रभावित हो सकते हैं। गुप्त समस्याएं और उत्सर्जन मार्ग की रुकावट आपको बीमार कर सकती है।

**वृश्चिक:** किसी से अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि दूसरे की बातें सुनकर तुरंत उस पर कोई टिप्पणी न करें। पहले अच्छे से सोचो, फिर जवाब दो।

**धनु:** आज आप थोड़े प्रैक्टिकल रहेंगे। इससे आपको लाभ होगा। आप सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय रहेंगे। आप भावनात्मक रूप से उत्साहित रहेंगे।

**मकर:** आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ मिल सकता है। कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं जो आपके आराम को बढ़ाएंगे।

**कुंभ:** मित्रों और परिवार के साथ दिन बीतेगा। सबके साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आपको बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मीन:** भाग्य आपका साथ दे सकता है। आज के हालात और जिन लोगों से आप मिलते हैं, वे आपको कुछ नया करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## चुटकुले

अटल सत्य : पढ़ाई और जिम हमेशा कल से शुरू होते हैं।
और सिगरेट व दारू कल से बंद होते हैं।

---

बॉय : आई लव यू।
गर्ल : तुम पागल हो क्या, मैं शादी शुदा हूँ।
मेरा पति है और एक बॉयफ्रेंड भी है ऑफिस मे, और
मेरा एक्स बॉयफ्रेंड मेरे पड़ोस मे रहता है ,
और कल ही मेरे बॉस ने प्रपोज किया है
और मैं उन्हे मना नही कर सकती और वैसे भी मेरा एक स्कूल फ्रेंड के साथ सीरियस मैटर है..
बॉय : (काफी देर देखने के बाद )
देख ले कहीं अड्जस्ट होता हो तो...




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



# समाचार संपादक दीपक भाटी के जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



# समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



# समाचार संपादक दीपक भाटी के जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद


















## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Adesh Sharma** is with **Ashok Sharma** and **12 others**.
10h ·

गोविंदपुरम स्थित एलजी शोरूम के प्रबंधक एवं हमारे छोटे भाई रूपेंद्र चौधरी को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि पूरे परिवार पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें स्वस्थ रहे खुश रहो हमेशा




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आदेश शर्मा राजनीति से जुड़े हैं और एक सफल कारोबारी हैं। उनके व्यक्तित्व का सबसे खूबसूरत अंदाज ये है कि वो कभी भी अपने साथ काम करने वाले साथियों और अपने करीबीयों को नजर अंदाज नहीं करते हैं। उनके हर सुख में हर दुख में शाामिल होते हैं। आदेश शर्मा के प्रतिष्ठान एलजी शोरूम के प्रबंधक रूपेन्द्र चौधरी जन्मदिन पर आदेश शर्मा ने उनके पूरे परिवार की खुशहाली की कामना की और रूपेन्द्र चौधरी का जन्मदिन प्रतिष्ठान पर मनाया। आदेश शर्मा ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# दिनेश कुमार गोयल ने विधानसभा के मानसून सत्र में आवाज की बुलंद

## जर्जर माध्यमिक विद्यालयों का हो कायाकल्प एवं आवारा कुत्तों की दहशत की जाए खत्म



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा मांग की गई कि विद्यालय छात्रों के उज्जव भविष्य की आधारशिला बनते हैं। यदि यह आधारशिला जर्जर और असुरक्षित हो तो उस पर एक मजबूत भविष्य की इमारत कैसे खड़ी हो सकती है। छात्रो का भविष्य जर्जर भवनों के खतरों के बीच तराशा जाना उनके और राष्ट्र के भविष्य के साथ मजाक का कारण बनता है।

वर्तमान उ०प्र० की भाजपा की सरकार शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास पर पानी की तरह धन व्यय कर रही है। परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के तर्ज पर माध्यमिक विद्यालयों का भी स्वरूप बदलना न्यायोचित होगा। इसलिए लोकमहत्व के इस तात्कालिक और अविलम्बनीय विषय पर प्रदेश में ऐसे जर्जर माध्यमिक विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण और नया रूप देने पर हेतु मांग की गयी।

साथ ही मांग की गयी कि उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है। आवारा कुत्तों के हमले से लोग दहशत के साये में जीने को मजबूर हो गये हैं। बच्चे और बुजुर्ग घर से निकलने में डर रहे हैं। नगर निगम, नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग इस जटिल समस्या से निपटने में नकाम हो रहे हैं। आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते आतंक से निपटने के लिए अधिकारियों के प्रयास प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। महानगरों में रिहायशी सोसाइटीज में लोगों के रहने के दृष्टिकोण से सुरक्षित मानी जाती है। अब वही रिहायशी सोसाइटीज आवारा कुत्तों के रहने का ठिकाना बन गई है। आवारा कुत्तों के निरंतर बढती संख्या से लोग खौफ खाने लगे है। इसलिए लोकमहत्व के इस तात्कालिक और अविलम्बनीय विषय पर आवारा कुत्तों के हमलों से लोगो के जीवन और सुरक्षा पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल देने हेतु मांग की गयी।

### साहिबाबाद फायरिंग मामले में विधायक नंदकिशोर बोले

# आरोपियों से कोई संबंध नहीं

## कांग्रेस-सपा के लोग करते हैं गुंडागर्दी



लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वीडियो बाइट जारी करते हुए कहा- इस गोलीकांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

**लोनी, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की साहिबाबाद मंडी में हुई गोलीबारी में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वीडियो बाइट जारी करते हुए कहा- इस गोलीकांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। गाजियाबाद के पूर्व डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने कमेटी बनाकर व्यवस्था को दुरुस्त किया था। लेकिन मंडी पर कब्जा करके बैठे कुछ लोगों ने मंडी सचिव के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

उनकी पत्नी के लिए भी शर्मनाक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस पूरे घटना क्रम में जिन लोगों ने फायरिंग की उन लोगों से मेरा कोई संबंध नहीं है। मंडी में मौजूद रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोग महिलाओं को छेड़ते है। उनके साथ अभद्रता करते है। उन लोगों ने ही अपने साथी को गोली मारी होगी। लेकिन जिनका नाम गोली चलाने में आया है। मुझे ऐसा सुनने में आया कि उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए फायरिंग की है। इस पूरे मामले में पुलिस निष्पक्ष होकर जांच करे।

**मंडी में आढ़त की जगह को लेकर शुरू हुआ विवाद :** गाजियाबाद की नवीन फल और सब्जी मंडी में सोमवार को मंडी समिति की बैठक चल रही थी। तभी बैठक में मौजूद दो पक्ष आमने सामने आ गए। इस कई राउंड फायरिंग भी की गई। फायरिंग के दौरान एक युवक को गोली लग गई। मौके पर मची भगदड़ में तीन लोग भी बुरी तरह घायल हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस साहिबाबाद मंडी पहुंची। लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो गए थे। वहीं पुलिस ने तुरंत ही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कविनगर में मनाया गया रक्षा बंधन का त्यौहार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कविनगर गाजियाबाद में रक्षा बन्धन का त्यौहार मनाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश बहन ने आध्यात्मिक महत्व बतलाते हुए कहा भृकुटि के बीचोबीच — जहाँ आत्मा का निवास होता है — वहां तिलक लगाया जाता है। जो यह स्मृति दिलाता है : मैं यह शरीर नहीं, एक पवित्र, शांतिस्वरूप आत्मा हूं। यह पूरा पर्व बहुत ही शांति, निजता और सशक्त संकल्पों के साथ बड़ी भावनात्मकता से मनाया जाता है। आश्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ एम चुबा आओ ने आश्रम के कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी को रक्षा बंधन पर्व की शुभ कामनाएं दीं। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश बहन ने मुख्य अतिथि का पटके और लक्ष्मी नारायण के चित्र द्वारा अभिनंदन किया। बी के छाया बहन ने सभी को तिलक लगाया।




कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि महानगर विनीत शर्मा, बी के चेतन, बी के चंचल बहन, मुकेश कुमार शर्मा, सुभाष भाई, कुमकुम बहन, अजय भाई, अनामिका शर्मा, शिव राज, यशराज, रविन्द्र शर्मा, सीमा शर्मा, विनय भाई, रामपाल, भाई मनोज, भाई सुभाष अग्रवाल, प्रदीप भाई, रजनी बहन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद

